# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), डोड़ाघाट ललितपुर।

**Phone No. :- 05176-276732 Email Add.:- pmjalltp@gmail.com**


पत्रांक 1864 / W-29 / 186 दिनांकः– 25-06 –2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय,
ललितपुर।

विषय – **समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन के खोदे रास्ते में धंसा ट्रैक्टर : ललितपुर के सिंदवाहा में ग्रामीणों ने की जल्द मरम्मत की मांग" सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र दैनिक भास्कर ललितपुर के दिनांक 23.06.2026 में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन के खोदे रास्ते में धंसा ट्रैक्टर : ललितपुर के सिंदवाहा में ग्रामीणों ने की जल्द मरम्मत की मांग"** के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत सिंदवाहा में जल जीवन मिशन के तहत खोदे गये रास्ते में सोमवार को एक ट्रैक्टर का पहिया धंसना, दर्शाया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम सिंदवाहा, मसौरा–सिदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित है। ग्रामीणों द्वारा पेयजल आपूर्ति न होने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी थी। दिनांक 22.06.2026 को पाइपलाइन चोकेज होने के कारण सड़क खोदी गयी, पाइपलाइन मरम्मत उपरान्त खोदी गयी सड़क को मोटरेबल कर दिया गया था, ताकि पेयजल आपूर्ति की टेस्टिंग की जा सके। ट्रेक्टर चालक द्वारा ओवर लोड ट्रैक्टर को उक्त मोटरेबल मार्ग से निकाला गया, जिस कारण वहां की मिट्टी धंस गयी और ट्रैक्टर फंस गया। ट्रैक्टर फंस जाने के कारण पाइपलाइन पुनः क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिसकी मरम्मत कराकर दिनांक 23.06.2026 को सीसी की मरम्मत करा दिया गया है। (कराये गयी सीसी की फोटो संलग्न)।




अतः उक्त शिकायत को अपने स्तर से निक्षेपित करने की कृपा करें।

भवदीय

(अरूण कुमार बौद्ध)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि** –निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2. मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
4. जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर।

अधिशासी अभियन्ता

# जल जीवन मिशन के खोदे रास्ते में धंसा ट्रैक्टर: ललितपुर के सिंदवाहा में ग्रामीणों ने की जल्द मरम्मत की मांग

लखन लाल | महरौनी, ललितपुर 4 दिन पहले






महरौनी तहसील की ग्राम पंचायत सिंदवाहा में जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए रास्ते में सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया धंस गया। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली सामान्य गति से रास्ते से गुजर रही थी, तभी सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। इससे ट्रॉली का पहिया पूरी तरह मिट्टी में फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों और चालक ने काफी मशक्कत के बाद फंसे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए रास्ते खोदे गए थे, लेकिन कई स्थानों पर मिट्टी की भराई और मरम्मत का काम ठीक से नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।